Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 22-05-2006

Participants : Singh Shri Prabhunath

an>

Title : Need to take steps for early completion of Chhapra-Kaptanganj via Siwan-Thawe and Maharajganj-Mashrakh rail projects in Bihar.

श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) : महोदय, देश में विभिन्नय रेल परियोजनाएं स्वीकृत की गयी हैं, जिसमें बिहार प्रांत अंतर्गत छपरा से कप्तानगंज वाया सिवान-थावे, के लआवा महराजगंज से मशरक प्रमुख हैं। छपरा से कप्तानगंज परियोजना छोटी रेल लाइन को बडी रेल लाइन में परिणत करने की है वहीं महराजगंज से मशरक परियोजना नयी रेल लाइन बिछाने की है। पिछली सरकार ने दुरौंदा से मशरक तक की परियोजना स्वीकृत की थी, जिसमें दुरौंदा से महराजगंज का कार्य पूरा होने के पश्चात दुरौंदा से महराजगंज के बीच रेल का परिचालन भी शुरू हो गया है, जबकि महराजगंज से मशरक रेल लाइन के लिए अभी तक जमीन का अधिग्रहण भी नहीं हुआ है।

उपरोक्त दोनों परियोजनाओं के पूरा हो जाने से जहां इसके आसपास के हजारों गांव की आम जनता लाभान्वित होगी वहीं इस क्षेत्र के पडने वाले व्यावसायिक केन्द्रों के बीच व्यावसायिक गतिविधियां काफी बढ़ जायेगी जिसके कारण आम जनता के साथ साथ व्यावसायियों को और सरकार को काफी लाभ पहुंचेगा।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि छपरा से कप्तानगंज वाया सिवान - थावे तथा महराजगंज से मशरक स्वीकृत रेल परियाजना का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाये।